UK Health Security Agency

NHS

# टीबी, बीसीजी का टीका

## और आपका शिशु



immunisation

the safest way to protect your child

di_UKHSA_12079_TB BCG 8pp DL leaflet_01-hin.indd 1 25/10/2021 12:09:1

**यह पत्रिका BCG (Bacillus Calmette-Guerin) टीके के बारे में है जो आपके शिशु को प्रदान किया जा रहा है ताकि वह tuberculosis (TB) से सुरक्षित रहे।**

## बीसीजी (BCG) टीका क्या है?

बीसीजी टीके में टीबी की बीमारी पैदा करने वाले बैक्टीरिया (जीवाणु) का एक बहुत दुर्बल (कमजोर बनाया गया) रूप होता है। चूंकि यह दुर्बल है इसलिए इसके कारण टीबी नहीं होता लेकिन यह आपके शिशु को टीबी के विरुद्ध अपनी सुरक्षा (रोग प्रतिरोधक शक्ति) विकसित करने में सहायता करता है ताकि आगे चल कर अगर वह कभी इससे संपर्क में आए तो वह सुरक्षित रहेगा।

बीसीजी टीका ख़ास तौर पर बहुत ही प्रभावी रूप से शिशुओं और छोटे बच्चों को टीबी मेनिनजाइटिस (मस्तिष्क की लाइनिंग का सूजन) जैसे टीबी के अधिक दुर्लभ गंभीर रूपों से सुरक्षित रखता है।

## टीबी (TB) क्या है?

टीबी एक बैक्टीरिया जनित संक्रमण है; और यह साधारणतः फेफड़ों को प्रभावित करता है लेकिन यह शरीर के किसी भी अंग को प्रभावित कर सकता है। टीबी के जीवाणु का संक्रमण शायद टीबी बीमारी में विकसित ना हो। टीबी की बीमारी शरीर में धीरे धीरे विकसित होती है, और लक्षण नज़र आने में कई महीने लग जाते हैं।

टीबी के संक्रमण वाले ज्यादातर लोगों को कभी भी टीबी की बीमारी नहीं होगी। इन लोगों में, टीबी का रोगाणु उनके पूर्ण जीवनकाल में निष्क्रिय रहता है। दूसरे लोगों में (उदाहरणस्वरूप, जिनका रोग प्रतिरोधक तंत्र कमजोर है), टीबी का रोगाणू शायद सक्रिय होकर टीबी की बीमारी का कारण बन सकता है। इस देश में ज्यादातर लोग इलाज के बाद पूर्ण रूप से ठीक हो जाते हैं, लेकिन इसमें कई महीने लगते हैं।



di_UKHSA_12079_TB BCG 8pp DL leaflet_01-hin.indd 2 25/10/2021 12:09:1

## टीबी के कौन कौनसे लक्षण क्या हैं?

टीबी, शरीर के किसी भी अंग को प्रभावित कर सकता है। लक्षण भिन्न होंगें और किसी प्रौढ़ व्यक्ति की तुलना में किसी शिशु में इस बीमारी के लक्षण शायद अलग हो सकते हैं। चूंकि टीबी संक्रामक है, इसलिए यह जरूरी है कि आप किसी और में इस बीमारी के लक्षणों को पहचान सकें।

अगर आप, आपके बच्चे, या आपके परिवार के किसी अन्य सदस्य, या किसी दोस्त में निम्नलिखित में से कोई भी लक्षण हों तो आपको किसी डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए:

- लगातार चलने वाली खांसी जो 2 सप्ताहों से अधिक लंबे समय तक चलती है
- बुख़ार
- पसीना आना, ख़ास तौर पर रात के समय
- अकारण वजन का घटना
- शिशु का वजन न बढ़ना
- साधारणतः और असामान्य रूप से थकान और बीमार होने का एहसास
- खांसी में खून आना

## टीबी कैसे होता है?

आपको टीबी की बीमारी केवल किसी ऐसे व्यक्ति से हो सकती है जिसके फेफड़े और गला पहले से संक्रमित है और जो खांस रहा है। जब वे खांसते हैं तो, छोटी-छोटी बूंदों का स्प्रे पैदा होता है जिसमें बैक्टीरिया मौजूद होता है। अगर कोई अपनी सांस के साथ इन बूंदों को अंदर खींचता है तो वे भी संक्रमण की चपेट में आ सकते हैं। किसी संक्रमित व्यक्ति के साथ एक बंद स्थान साझा करने पर ही संक्रमित होने का जोखिम पैदा होता है उदाहरण-स्वरूप, किसी संक्रमित व्यक्ति के साथ एक ही घर में रहना।



di_UKHSA_12079_TB BCG 8pp DL leaflet_01-hin.indd 3 25/10/2021 12:09:1

## टीबी कितना आम है?

1950 के दशक में यूके में हर साल टीबी के 50,000 से अधिक नए मामले आते थे। आज, यह संख्या गिर कर हर साल कुछ 5,000 नए केस या उससे थोड़ा सा अधिक हो गई है। इसलिए, हालांकि आपके संक्रमित होने की संभावना बहुत ही कम है, फिर भी हर किसी को टीबी के लक्षणों के प्रति सचेत रहना चाहिए।

यह ख़ास तौर पर इसलिए जरूरी है क्योंकि टीबी दुनियाभर में एक व्यापक बीमारी है।

इस बीमारी का जोखिम उन लोगों में ज्यादा है जिन्होंने ऐसे देशों में काम किया या ऐसे देशों में रहे हैं जहाँ टीबी संक्रमण की उच्च दरें हैं। इस बात की अधिक संभावना है कि इन परिवारों के बच्चे भी अपने समुदाय के संक्रमित सदस्यों के निकट संपर्क में रहेंगे, चाहे वह यूके में हो या उनके मूल देश में।

## मेरे शिशु को बीसीजी का टीका क्यों दिया जा रहा है?

कई अन्य देशों की भांति, यूके में भी उन शिशुओं को बीसीजी का टीका लगवाने का प्रस्ताव दिया जाता है जिनकी किसी टीबी से संक्रमित व्यक्ति के साथ समय बिताने की अधिक संभावना है। इसमें वह शिशु शामिल हैं जो ऐसे स्थान में रहते हैं जहाँ टीबी की उच्च दरें हैं या वह शिशु जिनके माता-पिता या दादा/दादी/नाना/नानी ऐसे देश से हैं जहाँ टीबी की उच्च दरें हैं (अधिक जानकारी के लिए पृष्ठ 7 देखें)।

## मेरे शिशु को यह टीका कैसे दिया जाएगा?

आपके शिशु को बीसीजी का टीका उसकी बाईं बाजू के ऊपरी भाग में दिया जाएगा।

यह टीका जन्म के कुछ समय बाद ही दे दिया जाता है, आम तौर पर जन्म के 28 दिनों के भीतर।



di_UKHSA_12079_TB BCG 8pp DL leaflet_01-hin.indd 4 25/10/2021 12:09:1

## क्या इसके कोई दुष्प्रभाव हैं?

इंजेक्शन देने के तुरंत बाद, एक उठा हुआ फफोला दिखाई देगा। यह दिखाता है कि इंजेक्शन सही तरह से दिया गया है।

इंजेक्शन देने के दो से छः सप्ताह के भीतर एक छोटा दाग दिखाई देगा। कुछ दिनों तक यहाँ काफ़ी दर्द हो सकता है, लेकिन अगर आप इसे ना ढकें तो यह धीरे-धीरे ठीक हो जाएगा। ठीक होने के बाद यह शायद एक निशान छोड़ जाए। यह सामान्य है।

कभी-कभी इंजेक्शन लगने की जगह पर आपके शिशु को एक छोटा सा घाव हो सकता है। अगर इस घाव से तरल रिस रहा है और इसे ढकने की जरूरत हो, तो एक सूखी पट्टी का उपयोग करें - प्लास्टर का उपयोग कभी ना करें - जब तक उस घाव पर पपड़ी नहीं बन जाती। इस घाव को ठीक होने में कई महीनों का समय लग सकता है।

अगर आप चिंतित हैं या आपको लगता है कि घाव संक्रमित हो गया है, तो अपने डॉक्टर से बात करें।





di_UKHSA_12079_TB BCG 8pp DL leaflet_01-hin.indd 5 25/10/2021 12:09:1

## क्या कोई ऐसे कारण हैं जिनकी वजह से मेरे शिशु को बीसीजी का टीका नहीं दिया जाना चाहिए?

जैसे कि ज्यादातर अन्य टीकों के मामले में होता है, आपके शिशु को इंजेक्शन नहीं दिया जाना चाहिए या उसे किसी अन्य तारीख के लिए मुल्तवी कर दें अगर:

- आपके शिशु को तेज़ बुखार हो
- आपके शिशु को त्वचा के सामान्यीकृत संक्रमण की समस्या है। (अगर उसे एक्जिमा हो, तो इंजेक्शन देने के लिए शरीर पर एक ऐसा स्थान चुना जाएगा जहाँ की त्वचा पर घाव ना हों)

कदाचित, कमजोर रोग प्रतिरोधक तंत्र वाले बच्चों में, इस टीके में मौजूद बैक्टीरिया के कारण गंभीर संक्रमण उत्पन्न हो सकता है।

अगर आपके बच्चे का रोग प्रतिरोध तंत्र निश्चित रूप से कमजोर है, या कमजोर होने का संदेह है तो यह बहुत जरूरी है कि आप अपने नर्स या डॉक्टर को इस बारे में सूचित करें। उदाहरणस्वरूप:

- कैंसर या किन्हीं भी अन्य गंभीर समस्याओं के लिए बच्चे का इलाज चल रहा है
- गर्भावस्था के दौरान बच्चे की माँ ने इम्यूनोसप्रेसिव बायोलॉजिकल थेरेपी ली थी
- परिवार में रोग प्रतिरोधक तंत्र से संबंधित समस्याओं का इतिहास है (उदा., एचआईवी, गंभीर संयुक्त इम्यूनोडेफिशियेंसी SCID)।
- वह शिशु जिन्हें SCID है या संभवतः हो सकता है





di_UKHSA_12079_TB BCG 8pp DL leaflet_01-hin.indd 6 25/10/2021 12:09:1

## किन शिशुओं को बीसीजी लेने की जरूरत है


चाहे आप किसी ऐसे क्षेत्र में ना रहते/ती हों जहाँ के बच्चों को बीसीजी का टीका दिया जाता है फिर भी इसके बावजूद आपके शिशु को शायद इस टीके की जरूरत हो सकती है।

अगर निम्नलिखित किन्हीं भी सवालों के लिए आपका जवाब '**हाँ**' है तो आपको अपने शिशु को बीसीजी का टीका देने के लिए अपने डॉक्टर या नर्स से बात करनी चाहिए।

- क्या आपका शिशु, शिशु की माँ, पिता या दादा/दादी/नाना/नानी या आपके साथ रहने वाला कोई भी अन्य व्यक्ति किसी ऐसे देश से आता है जहाँ टीबी के उच्च दर हैं?
- क्या आप और आपका शिशु इन देशों में से किसी एक में अपने दोस्तों और परिवार के साथ रहेंगे या थोड़े समय के लिए रहने जाएंगे?
- क्या आपके साथ रहने वाले किसी व्यक्ति को या आपके शिशु के साथ बहुत समय बिताने वाले किसी व्यक्ति को मौजूदा समय में टीबी है या हाल ही में टीबी रह चुका है?

निम्नलिखित लिंक से विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लू. एच.ओ) के आंकड़ों से टीबी की उच्च दर वाले देशों की जानकारी ली गई है:

www.gov.uk/government/publications/tuberculosis-tb-by-country-rates-per-100000-people





di_UKHSA_12079_TB BCG 8pp DL leaflet_01-hin.indd 7 25/10/2021 12:09:1

## क्या मुझे कुछ और जानने की जरूरत है?

आपका शिशु 8 सप्ताह की उम्र से अपने नित्य शैशव के टीके ले सकता है, भले ही उन्हें उनका बीसीजी टीका कभी भी दिया जाए। आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि आपके शिशु को जिस बाजू में बीसीजी का टीका दिया गया है, उसके तीने महीनें बाद तक उसे उसी बाजू में कोई भी और इंजेक्शन ना दिया जाए; अन्यथा उस जगह की ग्रंथियां सूज सकती हैं।




सुनिश्चित करें कि भावी रेफरेंस के लिए बीसीजी टीके को आपके शिशु के पर्सनल चाइल्ड हेल्थ रिकार्ड (रेड बुक) में दर्ज किया जाए।

## अधिक जानकारी

अगर आपको टीबी, बीसीजी टीके या किन्हीं भी अन्य टीकों के बारे में जानकारी चाहिए तो अपने डॉक्टर, हेल्थ विजिटर, मिडवाइफ या नर्स से बात करें; या **www.nhs.uk/conditions/vaccinations/bcg-tuberculosis-tb-vaccine/** पते पर हमारी वेबसाइट देखें

**याद रखें, टीबी का इलाज करने में बहुत लंबा समय लगता है, लेकिन इसे रोकना कई गुना आसान है।**

NHS

© Crown copyright 2021
2021SCTBHI Hindi 75 2p Sept 2021 (APS).
अधिक प्रतियां ऑर्डर करने के लिए, कृपया स्वास्थ्य प्रकाशन देखें
**www.healthpublications.gov.uk**
या इस नंबर पर कॉल करें: 0300 123 1002, 0300 123 1003 (सुबह 8 बजे से शाम के 6 बजे तक, सोमवार से शुक्रवार)।

**www.nhs.uk/vaccinations**

di_UKHSA_12079_TB BCG 8pp DL leaflet_01-hin.indd 8 25/10/2021 12:09:1